EKAL ABHIYAN
A PEOPLE'S MOVEMENT

# एकल संदेश

एकल विद्यालय
Bharat Lok Shiksha Parishad

त्रैमासिक
27 वां संस्करण

## भारत लोक शिक्षा परिषद्


Registered Under IICA
ISO 9001:2015 (QMS)

जनवरी-मार्च, 2025

## BLSP रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में भव्य एकल श्रीराम कथा

रजत जयंती वर्ष
2000-2025

माननीय श्री अशोक सिंघल जी ने श्री लक्ष्मी नारायण गोयल जी और श्री सुभाष अग्रवाल जी से आह्वान किया कि उत्तर भारत के संवेदनशील क्षेत्रों में एकल विद्यालय की स्थापना करनी है | उनकी प्रेरणा से भारत लोक शिक्षा परिषद् विगत 25 वर्षों से राष्ट्र निर्माण के इस पुनीत कार्य में समर्पित भाव से सेवारत है | भारत लोक शिक्षा परिषद एक गैर-लाभकारी संगठन है जिसकी स्थापना भारतीय ट्रस्ट अधिनियम के अंतर्गत 3 मार्च 2000 को दिल्ली में हुई ।



भारत लोक शिक्षा परिषद् के 'रजत जयंती वर्ष' के उपलक्ष्य में भारतीय नव वर्ष विक्रम संवत 2082 चैत्र नवरात्रि पर नई दिल्ली के पंजाबी बाग स्टेडियम रिंग रोड नई दिल्ली में गुजरात के सुप्रसिद्ध कथा व्यास भाईजी रमेश भाई ओझा के सानिध्य में आयोजित भव्य एकल रामकथा और विशाल सहस्त्र चण्डी महायाग सुचारू रूप से संपन्न हुआ।

# BLSP के समिति सदस्यों ने घर-घर जाकर एकल श्रीराम कथा का स्नेहिल निमंत्रण किया























# एकल श्रीराम कथा - भूमि पूजन एवं कवि सम्मेलन





वैदिक परंपरा अनुसार भूमि पूजन एवं धर्म ध्वजा की स्थापना (रविवार 16 मार्च 2025)









# एकल श्रीराम कथा - सहस्र चंडी महायाग



सहस्रचंडी महायाग के लिए एक भव्य यज्ञशाला का निर्माण किया गया था जिसमें 122 वेदपाठी ब्राह्मणों द्वारा विधि विधान से प्रतिदिन सहस्र चंडी पाठ एवं हवन आदि वैदिक अनुष्ठान किया गया तथा एकल उत्थान के लिए सुख-समृद्धि, बल, बुद्धि एवं विद्या की कामना की गयी | साथ ही सनातन धर्म और सम्पूर्ण समाज के कल्याण के लिए प्रार्थना भी की गयी | (*महायाग का अर्थ है विशाल यज्ञ, हजारों आहुतियां)









# एकल श्रीराम कथा - कलश यात्रा




एकल श्रीराम कथा का शुभारम्भ लगभग 400 सौभाग्यशाली महिलाओं द्वारा भव्य कलश शोभायात्रा से किया गया | शोभायात्रा श्री सनातन धर्म मंदिर, वेस्ट पंजाबी बाग से कथा स्थल तक निकाली गयी |



# एकल श्रीराम कथा - भव्य पंडाल एवं श्रोतागण




एकल श्रीराम कथा का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण, पूजा अर्चना और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर अहिंसा विश्व भारती और विश्व शांति केंद्र के संस्थापक जैन आचार्य लोकेश मुनि, निर्मल पंचायती अखाड़ा एवं अखिल भारतीय संत समिति निदेशक मंडल के अध्यक्ष महंत ज्ञानदेव सिंह जी, वृंदावन के स्वामी भास्करानंद जी, एकल अभियान के प्रणेता माननीय श्याम जी गुप्त, भारत लोक शिक्षा परिषद के ट्रस्ट बोर्ड के चेयरमैन लक्ष्मी नारायण गोयल, मुख्य संयोजक सुभाष अग्रवाल, ट्रस्टी ओम प्रकाश सिंघल, विनीत कुमार गुप्ता, नरेश कुमार, सुरेश कुमार जिंदल, सुरेन्द्र पाल गुप्ता, विवेक नागपाल मुख्य यजमान अनिल गुप्ता जी, मैनेजिंग कमेटी के चेयरमैन नीरज रायजादा, राष्ट्रीय प्रधान अखिल गुप्ता, राष्ट्रीय उपप्रधान संजीव टेकड़ीवाल, राष्ट्रीय महामंत्री राजीव अग्रवाल, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री विजय गुप्ता, राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री सुनील गुप्ता सहित कई गणमान्य महानुभाव उपस्थित रहे।



# एकल श्रीराम कथा - कथा श्रवण एवं आरती





एकल श्रीराम कथा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु और श्रोतागण परम पूज्य भाईश्री रमेश भाई ओझा जी के श्रीमुख से कथा का अमृतपान करने के लिए पहुंचें।

परम पूज्य भाई श्री ने कहा कि जीवन में पवित्रता को आत्मसात करने के लिए भारतीय संस्कृति को अपनाने से श्रेष्ठ मार्ग और कोई नहीं है। उन्होंने कहा कि मन में पाप और परमात्मा के प्रवेश के द्वार एक ही हैं। हमें ही यह तय करना है कि हम किसे आत्मसात करना चाहते हैं।

पूज्य भाईश्री ने कहा कि आज के समय में वनवासी एवं ग्रामीण समाज की सुरक्षा के लिए कथाकारों की बहुत जरूरत है। और एकल विद्यालय के ऐसे वनवासी कथाकारों को तैयार कर रहा है, जो वनवासी समाज की भाषा में ही उनको कथा सुनाते हैं। उन्होंने कहा कि व्यास पीठ का काम विचार देना होता है और एकल के बहुत से ऐसे सुयोग्य कथाकार हैं जो सनातन का ध्वजवाहक बनकर वनवासी परिवारों की जड़ों को भारत की गौरवशाली संस्कृति से अभिसिंचित कर रहे हैं।







# एकल श्रीराम कथा - सांस्कृतिक कार्यक्रम



कथा के दौरान प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें एकल सुरताल टीम, महिला विभाग एवं युवा विभाग द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम, संगीतमय हनुमान चालीसा, अयोध्या का संघर्ष (श्रीराम जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन की महागाथा), अतुलनीय भारत जैसे आद्भुत कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए | साथ ही एकल युवा सोनीपत चैप्टर की श्रीमती स्मृति कुच्छल द्वारा आर्ट ऑफ़ लाइफ सेशन लिया गया जो सभी को बहुत पसंद आया |














# एकल श्रीराम कथा - प्रदर्शनी



एकल की प्रदर्शनी - इस कथा में एकल की प्रदर्शनी लगाकर सभी को एकल के बारे में जागरूक करने का प्रयास भी किया गया | इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य एकल के बारे में लोगों को बताकर उन्हें एकल के पुनीत कार्य में जोड़ना एवं एकल विद्यालय में सहयोग के लिए प्रोत्साहित करना था |











# एकल श्रीराम कथा – कार्यकर्ता सम्मान एवं कार्यशाला



कथा कार्यक्रम में शामिल हुए सभी कार्यकर्ता बंधुओं के लिए राष्ट्रीय महामंत्री श्री राजीव अग्रवाल जी एवं राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री विजय कुमार गुप्ता जी, सह अभियान प्रमुख श्री दीप कुमार जी, राष्ट्रीय उप प्रधान महिला विभाग श्रीमती माधुरी अग्रवाल जी के नेतृत्व में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें सभी कार्यकर्ताओं को उनके दायित्वों और एकल श्रीराम कथा के महत्त्व से उन्हें परिचित कराया गया। पूज्य भाई श्री ने कार्यकर्ताओं के समर्पण और कर्तव्य निष्ठा के लिए उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया।










# एकल श्रीराम कथा – एकल विद्यालय प्रदर्शनी



इस कथा में एकल विद्यालय की प्रदर्शनी लगाकर सभी को एकल के बारे में जागरूक करने का प्रयास भी किया गया | इसके साथ ही एकल विद्यालय की संचालन प्रणाली को अच्छे से समझने के लिए एकल विद्यालय की प्रदर्शनी भी लगायी गयी, जिसे अधिकांश दानदाताओं ने देखा | उन्होंने बच्चों से बातचीत की उनसे सवाल पूछे और आचार्यों से भी एकल विद्यालय से उनके गाँवों में होने वाले परिवर्तनों के बारे में जानने एवं समझने का प्रयास किया | सभी ने एकल विद्यालय की प्रदर्शनी को खूब सराहा भी |










# एकल श्रीराम कथा – पुस्तक विमोचन




कथा के दौरान उच्चतम न्यायालय की जानी मानी वकील और बीजेपी नेता नाजिया इलाही खान द्वारा लिखित पुस्तक **'एकल एक क्रांति'** और केंद्रीय संवाद प्रमुख, एकल अभियान श्री अमरेन्द्र विष्णुपुरी जी द्वारा लिखित **पुस्तक 'उद्घोष क्रांति श्री राम की'** का भव्य विमोचन किया गया। पुस्तक का विमोचन कथा व्यास परम पूज्य भाईश्री रमेश भाई ओझा जी एवं परमपूज्य स्वामी गोविन्ददेव गिरी जी महाराज के सानिध्य में भारत लोक शिक्षा परिषद् ट्रस्ट बोर्ड के चेयरमैन श्री लक्ष्मी नारायण गोयल जी ने किया |

'एकल एक क्रांति' पुस्तक के विमोचन के अवसर पर विश्व प्रसिद्द योग गुरु परम पूज्य स्वामी राम देव बाबा जी ने विडियो सन्देश के माध्यम से अपनी शुभकामनाएं भी प्रेषित कीं | इस पुस्तक में शिक्षित, स्वस्थ और समृद्द भारत के निर्माण के लिए समर्पित भाव से सेवारत एकल अभियान द्वारा समाज के लिए किये जा रहे कार्यों का विस्तृत उल्लेख किया गया है | और भारत लोक शिक्षा परिषद् के 25 वर्षों की विकास यात्रा की क्रमवार व्यख्या भी की गयी है |








# एकल श्रीराम कथा - राजनीतिक महानुभावों का आगमन



श्री रामनाथ ठाकुर (केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री), श्री आलोक कुमार (अंतराष्ट्रीय अध्यक्ष, विश्व हिंदू परिषद), श्री आलोक कुमार जी (सह-सरकार्यवाह राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ एवं संपर्क अधिकारी, एकल अभियान), माननीय श्याम जी गुप्त (प्रणेता एवं मार्गदर्शक एकल अभियान), श्रीमती रेखा गुप्ता (माननीया मुख्यमंत्री, दिल्ली) श्री नन्द गोपाल नन्दी (औद्योगिक विकास मंत्री, उत्तर प्रदेश), श्री विजेन्द्र गुप्ता (अध्यक्ष, दिल्ली विधान सभा) एवं श्री प्रवेश वर्मा (उपमुख्य मंत्री, दिल्ली सरकार) सहित कई गणमान्य अतिथियों ने भी राम कथा का श्रवण कर कथा व्यास भाईश्री रमेश भाई ओझा का आर्शीर्वाद लिया।





# एकल श्रीराम कथा - पूज्य संत समाज का आगमन



नौ दिवसीय इस धार्मिक आयोजन के विभिन्न कार्यक्रमों में देश भर से कई पूज्य संत, प्रतिष्ठित राजनीतिज्ञ और समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। जिसमें मुख्य रूप से परम पूज्य स्वामी बालकानंद जी महाराज, श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंद देव गिरि, राज्यसभा सांसद परम पूज्य राष्ट्रीय संत बालयोगी श्री उमेश नाथ जी महाराज,











# एकल श्रीराम कथा – एकल परिवार का आगमन











# एकल श्रीराम कथा - श्रीराम मंदिर की आलोकित प्रतिलिपि











# कार्यक्रम की झलकियाँ

















# कार्यक्रम की झलकियाँ














इस अवसर पर भारत लोक शिक्षा परिषद् ट्रस्ट बोर्ड के चेयरमैन लक्ष्मी नारायण गोयल, मुख्य संयोजक श्री सुभाष अग्रवाल, श्री नरेश कुमार, श्री सुरेंद्र कुमार जिंदल, श्री विवेक नागपाल, मुख्य यजमान श्री अनिल गुप्ता, मैनेजिंग कमेटी के चेयरमैन श्री नीरज रायजादा, राष्ट्रीय प्रधान श्री अखिल गुप्ता, राष्ट्रीय उपप्रधान श्री संजीव टेकड़ीवाल, राष्ट्रीय महामंत्री श्री राजीव अग्रवाल, राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री श्री सुनील गुप्ता, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री विजय गुप्ता, राष्ट्रीय संयुक्त कोषाध्यक्ष श्री बृजमोहन अग्रवाल, केन्द्रीय अभियान प्रभारी, एकल अभियान श्री राजेश गोयल, राष्ट्रीय महिला विभाग की राष्ट्रीय प्रधान श्रीमती सोनल रासीवासिया, राष्ट्रीय उपप्रधान श्रीमती माधुरी अग्रवाल, श्रीमती शांति अग्रवाल, श्रीमती साधना गुप्ता, श्रीमती बिंदु मित्तल सहित अन्य कई प्रतिष्ठित लोग उपस्थित रहे।

# BLSP रुद्रपुर चैप्टर वार्षिक कार्यक्रम




23 मार्च को रुद्रपुर चैप्टर का वार्षिकोत्सव शहर के प्रतिष्ठित जेसीएस पब्लिक स्कूल में आयोजित किया गया. कार्यक्रम की थीम देवभक्ति से राष्ट्रभक्ति थी यानि लोग देशभक्त के साथ सनातन धर्म के प्रति भी जागरुक रहें. कार्यक्रम में शहर के विधायक शिव अरोड़ा, पूर्व सांसद बलराज पासी और राज्य के पूर्व मंत्री अरविंद पांडे समेत कई गणमान्य अतिथि पहुंचे थे.



इस कार्यक्रम में एकल सुरताल की टीम की ओर से विशेष सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं. जिन्होंने हजारों की संख्या में पहुंचे दर्शकों की खूब तालियां बटोरी. एकल सुरताल की टीम ने श्री राम जन्मभूमि मंदिर आंदोलन के दौरान किए गए संघर्षों को अच्छे तरीके से दिखाया साथ ही भारत में मनाए जाने वाले सभी त्योहारों को दर्शाने वाली प्रस्तुति दी. टीम में उड़ीसा, राजस्थान, उत्तराखंड सहित देश के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े युवा कलाकार शामिल थे. कार्यक्रम में दिल्ली से आई केंद्रीय टीम के पदाधिकारियों ने भी एकल की विशेषताओं और कार्यों को बताया, साथ ही लोगों से आह्वान किया कि वो अभियान के साथ जुड़कर स्वयं का जीवन भी सफल बनाएं. कार्यक्रम में पधारे आदरणीय स्नेहपाल जी ने अपने भाषण से दर्शकों में सकारात्मक उर्जा का संचार किया.

विजय भूषण गर्ग (प्रधान, BLSP रुद्रपुर) - कार्यक्रम संयोजक विजय भूषण गर्ग ने बताया कि यह आयोजन शिक्षा के प्रसार में एकल अभियान की भूमिका को रेखांकित करने के लिए हुआ है, उन्होंने बताया कि एकल अभियान देशभर के आदिवासी, गिरिवासी, वनवासी और सुदूर ग्रामीण इलाकों में 6 से 14 वर्ष तक के बच्चों को अनौपचारिक शिक्षा पद्धति के माध्यम से प्राथमिक शिक्षा प्रदान कर रहा है. इसके तहत देशभर में एक लाख से अधिक एकल विद्यालय संचालित हैं...

# USA से आये हुए श्री वैभव अग्रवाल जी द्वारा सहारनपुर एकल विद्यालय की वनयात्रा



शिक्षित, स्वस्थ एवं समर्थ राष्ट्र के निर्माण में समर्पित भाव से सेवारत भारत लोक शिक्षा परिषद् के महामंत्री श्री राजीव अग्रवाल जी एवं राष्ट्रीय महिला विभाग की उपप्रधान श्रीमती माधुरी अग्रवाल जी और USA से आये हुए उनके सुपुत्र श्री वैभव अग्रवाल जी द्वारा 12 फ़रवरी 2025 को संभाग-पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अंचल-सहारनपुर में संचालित एकल विद्यालय कमलपू बाकडोली की वनयात्रा की गयी |

ग्रामीण बंधुओं ने फूल-माला पहनाकर और तिलक लगाकर सभी का स्वागत एवं अभिनंदन किया | अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के पश्चात् विद्यालय का संचालन आचार्या बहन के द्वारा विधिवत रूप से की गयी, बच्चों ने सरस्वती वंदन, प्रातः स्मरण, एकल ध्येय वाक्य, संस्कृत के मन्त्रों का उच्चारण करके अपनी प्रतिभा से सभी को स्तब्ध कर दिया | बच्चे, समिति बंधु और कार्यकर्ता सहित सभी लोगों ने सामूहिक रूप से देशभक्ति गाने और भजन गाकर खूब आनंद लिया, ऐसा प्रेम और स्नेह देखकर सभी का मन खुश हो गया | इस वनयात्रा को सफल बनाने में भाग, अंचल एवं संच समिति के कार्यकर्ता एवं ग्राम समिति के सदस्यों का भी भरपूर सहयोग रहा |





**श्री वैभव अग्रवाल (सुपुत्र श्री राजीव अग्रवाल जी एवं श्रीमती माधुरी अग्रवाल जी) –**

“एकल विद्यालय का यह प्रयास बहुत अनूठा है, ग्रामीण परिवारों द्वारा जोश और उत्साह के साथ स्वागत उनका प्यार और स्नेह एवं बच्चों का जोश देखर मन आनंदित हो गया | एकल विद्यालय द्वारा गांवों में होने वाले परिवर्तनों जैसे बच्चों में संस्कार, संध्या भजन जिससे मैं बहुत प्रभावित हुआ | मैं अपने आपको भाग्यशाली मानता हूँ कि मुझे एकल विद्यालय देखने, ग्रामीण परिवेश को समझने और का सौभाग्य मिला | निश्चित रूप से एकल शिक्षित, स्वस्थ एवं समृद्ध भारत के निर्माण के लिए बहुत बड़ा कार्य कर रहा है |

# BLSP रुद्रपुर चैप्टर महिला विभाग - शुभारम्भ



भारत लोक शिक्षा परिषद्, रुद्रपुर चैप्टर के महिला विभाग का शुभारम्भ 24 मार्च 2025 को रुद्रपुर चैप्टर उत्तराखंड अध्यक्ष श्रीमति धारा अग्रवाल जी के कार्यालय ओमेक्स रुद्रपुर में महत्वपूर्ण बैठक द्वारा आयोजित कर किया गया | बैठक में महिला विभाग समिति का पुनर्गठन कर सभी बहनों को दायित्व सौपें गए |

इस अवसर पर रुद्रपुर चैप्टर अध्यक्ष विजय भूषण गर्ग जी, महामंत्री अभिषेक अग्रवाल जी, महिला चैप्टर अध्यक्ष धारा अग्रवाल जी, उपाध्यक्ष मोना सिंह जी, महामंत्री निधि गोयल जी, कोषाध्यक्ष सानिया गंभीर जी, मंत्री माही शकलानी जी, मेंबर पूजा शर्मा जी, अदिति गौरव अरोड़ा जी, श्रेया जुयाल जी, चैप्टर कॉर्डिनेटर अरविन्द कन्नौजिया जी उपस्थित रहे 1 जिसमे आगामी वनयात्रा एवं समिति विस्तार पर भी चर्चा की गई | बैठक में महिला विभाग की बहनों ने बड़े जोश और उत्साह के साथ इसमें भाग लिया

इसका मुख्य उद्देश्य एकल का प्रचार-प्रसार करना, अधिक से अधिक बहनों को एकल से जोड़ना, एकल विद्यालय के लिए धन संग्रह करना एवं भारत की वैभवशाली भारतीय सांस्कृतिक त्यौहार लोहड़ी एवं मकर संक्रान्ति का उत्सव मनाना था |

# BLSP कानपुर चैप्टर आचार्य सम्मान समारोह

आचार्य सम्मान समारोह : 5 मार्च 2025 को हितैषी गार्डन छानी में हमीरपुर अंचल के छः संच के 90 आचार्य भाई व बहनों को मकरसंक्रति के उपहार वितरित किये गए । कार्यक्रम में कानपुर चैप्टर महिला विभाग अध्यक्षा डॉ अनुराधा वार्ष्णेय जी ने सभी आचार्यो को आशीर्वचन दिया, कार्यक्रम में उपस्थित चैप्टर कार्यालय प्रमुख आशीष जी, संच समिति सचिव संच मौदहा श्री सुशील दीक्षित जी,अंचल अभियान प्रमुख श्री श्रीपाल जी व अंचल प्राथमिक शिक्षा प्रशिक्षक श्री राजा एवं संच प्रमुख व आचार्य उपस्थित रहें।



# कानपुर चैप्टर महिला विभाग द्वारा वनयात्रा कार्यक्रम

## चलो जलाएं शिक्षा का दीप वहां ,जहां अभी अंधेरा है ।

03 मार्च 2025 को शिवली संच के विद्यालय ग्राम- अरसदपुर की वनयात्रा की गयी | यहाँ पर एकल विद्यालय में बच्चों को शिक्षित किया जा रहा है वहां की आचार्या बहुत ही लगन से बच्चों को पढ़ाती हैं । विद्यालय के बच्चों द्वारा बनाई गई चित्रकला सभी सदस्यों को भेंट की गई। चैप्टर सदस्यों द्वारा सभी बच्चों को ढेर सारा उपहार दिया गया । इस वनयात्रा में कानपुर चैप्टर महिला विभाग सदस्य श्रीमती अनुभा मित्तल जी, विनीता शर्मा, बानू टंडन और पाली सेठ जी सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे ।





इस वनयात्रा का उद्देश्य एकल विद्यालय के माध्यम से होने वाले सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक परिवर्तनों को जानना था, एकल कार्यकर्ताओं एवं आचार्या बहनों के मनोबल को बढ़ाना था |
ग्रामवासियों ने सभी का तिलक लगाकर एवं माला पहनाकर स्वागत किया, उनका प्रेम और स्नेह देखकर सभी भावविभोर हो गये |

वनयात्रा के दौरान सभी ने बच्चों और गांव के लोगों से बातचीत की और बच्चों से पढ़ाई, स्वच्छता और संस्कार के बारे में पूछा, बच्चों ने बालगीत, पहाड़ा, गिनती, चौपाई आदि सुनाया, जिससे सभी लोग बहुत प्रसन्न हुए |
वनयात्रियों ने बच्चों को ढेर सारा उपहार दिया जिसे पाकर बच्चे बहुत खुश एवं आनंदित हुए।



# एकल होली स्नेह मिलन उत्सव

एकल परिवार की विभिन्न संस्थाओं (भारत लोक शिक्षा परिषद्, एकल ग्रामोत्थान फाउंडेशन, एकल श्रीहरि वनवासी रक्षा फाउंडेशन एवं एकल भारत मीडिया फाउंडेशन, दिल्ली) के कार्यकर्ताओं/ऑफिस स्टाफ के साथ होली स्नेह परिवार मिलन उत्सव भारत लोक शिक्षा परिषद् के राष्ट्रीय महामंत्री श्री राजीव अग्रवाल जी एवं राष्ट्रीय महिला विभाग की राष्ट्रीय उपप्रधान, श्रीमती माधुरी अग्रवाल जी के अपने निवास स्थान लोक विहार, पीतमपुरा दिल्ली में 13 मार्च 2025 को मनाया | जिसमें लगभग 65 लोगों ने भाग लिया |





इस अवसर पर सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ता बंधु एवं ऑफिस स्टाफ का तिलक एवं गुलाल लगाकर श्री राजीव अग्रवाल जी एवं माधुरी अग्रवाल ने सहृदय से स्वागत किया | ऐसा स्वागत और पारिवारिक स्नेह देखकर सभी बहुत आनंदित हुए | होली उत्सव में सभी ने भगवान राधा कृष्ण के साथ फूलों एवं रंगों की होली खेली और भोजन प्रसाद का आनंद लिया |





विभिन्न प्रान्तों के ऑफिस स्टाफ ने एकल पर प्रश्नोत्तरी का जवाब देकर पुरस्कार भी जीते और श्रीमती माधुरी अग्रवाल जी ने सभी को स्नेहिल उपहार देकर सभी स्टाफ का दिल जीत लिया | ऐसा स्नेह और सम्मान पाकर सभी खूब आनंदित हुए |

राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री श्री सुनील गुप्ता जी ने एकल परिवार के होली मिलन कार्यक्रम में सहभागियों को हैप्पीनेस के टिप्स दिए और हास्य योगा कराया। सभी ने इसका खूब आनंद लिया | उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि जीवन में हँसने का बहुत महत्व हैं। इसलिए हर किसी को अपने जीवन को बेहतर, सुखी, स्वस्थ और निरोगी बनाने के लिए प्रतिदिन सुबह कम से कम एक मिनट अपने आपकों देना चाहिए तथा नियमित हास्य योगा अभ्यास करना चाहिए।

इस अवसर पर भारतीय लोक शिक्षा परिषद के राष्ट्रीय महामन्त्री राजीव अग्रवाल, उत्तरी दिल्ली चैप्टर के प्रधान राजेश मित्तल, श्रीमति बिन्दु मित्तल, एकल ग्रामोत्थान फाउंडेशन के कोषाध्यक्ष अश्विनी कुमार, श्री भट्ट जी आदि ने भी अपने-अपने विचार भी प्रकट किए।

# भारत लोक शिक्षा परिषद्, उत्तरी दिल्ली चैप्टर द्वारा सहारनपुर की वनयात्रा



भारत लोक शिक्षा परिषद्, उत्तरी दिल्ली चैप्टर द्वारा दिनांक 8 मार्च 2025 को पश्चिम उत्तर प्रदेश संभाग के अंचल सहारनपुर में एकल विद्यालय की वनयात्रा की गयी, जिसमें कई शिक्षा प्रेमी दानदाता बन्धुओं ने भाग लिया।

इस वनयात्रा के माध्यम से सभी लोगों ने एकल विद्यालय को प्रत्यक्ष रूप से देखा और उसकी संचालन प्रणाली को अच्छी तरह से समझने का प्रयास भी किया।





एकल विद्यालय के बच्चों ने सरस्वती वंदन, प्रातःस्मरण, एकल ध्येय वाक्य, संस्कृत के मन्त्रों का उच्चारण करके अपनी प्रतिभा से लोगों को स्तब्ध कर दिया। इस वनयात्रा में उत्तरी दिल्ली चैप्टर के प्रधान श्री राजेश मित्तल जी, चेयरमैन श्री मुकेश गुप्ता जी सहित ग्राम समिति एवं कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे।

## संपादक की कलम से.....



**सुनील गुप्ता**
राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री
भारत लोक शिक्षा परिषद्
एकल अभियान

प्रिय पाठक.... एकल प्रणाम

भारत लोक शिक्षा परिषद् के गौरवशाली 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रजत जयंती के अवसर पर सुप्रसिद्ध कथा व्यास परम पूज्य भाईश्री रमेश भाई ओझा जी के श्रीमुख से नौ दिवसीय एकल श्री रामकथा, 29 मार्च से 6 अप्रैल 2025 तक पंजाबी बाग स्टेडियम (जन्माष्टमी पार्क) दिल्ली में सुचारू रूप से संपन्न हुई। जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने भाग लिया | सौभाग्यशाली महिलाओं द्वारा कलश शोभायात्रा, 108 बच्चों के रूप में श्रीराम की अद्भुत झलक, सहस्र चंडी महायज्ञ, श्रीराम मंदिर की आलोकित प्रतिलिपि, विशाल यज्ञशाला, एकल विद्यालय की प्रदर्शनी, एकल सुर ताल टीम द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि आकर्षण के प्रमुख केंद्र रहे | इस दौरान एकल एक क्रांति पुस्तक का विमोचन भी किया गया | जिसमें भारत लोक शिक्षा परिषद् की विकास यात्रा का विस्तृत उल्लेख किया गया है | इस बार कथा का विशेषांक प्रकाशित किया जा रहा है |

आप सभी बंधुओं से मेरा अनुरोध है कि एकल के इस पुनीत कार्य से जुड़ने के लिए ज्यादा से ज्यादा लोगों को प्रेरित करें |

## एकल विद्यालय के लिए सहयोग

| आईये अपने सपनों का भारत बनायें और स्वावलंबी, स्वाभिमानी भारत के नागरिक होने का गौरव प्राप्त करें। | |
|---|---|
| एक एकल विद्यालय | ₹ 30,000/- वार्षिक |
| तीस एकल विद्यालय (परमवीर) | ₹ 9,00,000/- वार्षिक |
| 100 एकल विद्यालय (शतकवीर) | ₹ 30,00,000/- वार्षिक |
| 1000 एकल विद्यालय (महाशतकवीर) | ₹ 30,000,000/- वार्षिक |
| भारत लोक शिक्षा परिषद् भारत सरकार के कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय (IICA) के अंतर्गत CSR दान के लिए सूचीबद्ध है | | |

DONATE NOW

### एकल विद्यालय में सीधे दान हेतु सम्पर्क करें-

**Only For 80G:**

Bharat Lok Shiksha Parishad
A/C No: 467902050000186
Union Bank of India
Shalimar Bagh, Delhi
IFSC Code: UBIN0546798

**Only for CSR:**

Bharat Lok Shiksha Parishad
A/C NO : 467902010123677
Union Bank Of India
Shalimar Bagh, Delhi
IFSC code: UBIN0546798

आपके द्वारा एकल के लिए किए गए सहयोग से गरीब बच्चे संस्कार सहित शिक्षा प्राप्त करते हैं,जो आने वाले समय में राष्ट्र निर्माण में योगदान देंगे।

For More Info.

मुख्य संपादक : सुनील गुप्ता (राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री)
प्रकाशक : भारत लोक शिक्षा परिषद्
NS-15, FD Block, पीतमपुरा, दिल्ली- 110034
संपर्क सूत्र : 011 4752 3879, 9999399063, 7827207665, 8448386443
ई मेल : administration@blspindia.org, वेबसाइट : www.ekalblspindia.org

एकल विद्यालय
Bharat Lok Shiksha Parishad